# PSYCHOLOGY

# मनोविज्ञान

# (222)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

---

**Note :**

(1) All questions are **compulsory**.

(2) Marks for each question are indicated against it.

(3) Questions 1-6 are very short answer questions. Answer these questions as required.

(4) Questions 7-12 are short answer questions type I. Answer to these questions should not exceed 25 words each.

(5) Questions 13-25 are short answer questions type II. Answer of these questions should not exceed 80 words each.

(6) Questions 26-30 are long answer questions. Answers to these questions should not exceed 150 words each.

**निर्देश :**

(1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(3) प्रश्न संख्या 1-6 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनका उत्तर आवश्यकता अनुसार दीजिए।

(4) प्रश्न संख्या 7-12 लघु उत्तरीय प्रश्न प्रकार I हैं। इन प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर 25 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(5) प्रश्न संख्या 13-25 लघु उत्तरीय प्रश्न प्रकार II हैं। इन प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(6) प्रश्न संख्या 26-30 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

---

1. Who established the first experimental laboratory in Psychology at the University of Leipzig ? 1

(A) Sigmond Freud (B) Wilhelm Wundt

(C) B.F. Skinner (D) I.P. Pavlov

लिपज़िग विश्वविद्यालय में प्रथम मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला किसके द्वारा स्थापित हुई ?

(A) सिगमंड फ्रायड (B) विलियम वुण्ट

(C) बी.एफ. स्किनर (D) आई.पी. पॉवलव

2. The ability to see three dimensional space and to accurately judge distances is called : 1

(A) Perceptual Constancy (B) Depth Perception

(C) Illusion (D) Hallucination

त्रिविमीय स्थान तथा यथार्थ दूरियों के निर्णय की क्षमता को कहते हैं :

(A) प्रत्यक्ष स्थिरता (B) गहराई का प्रत्यक्षीकरण

(C) भ्रम (D) मतिभ्रम

3. Suggest any two strategies for developing productivity at work in any organisational set up. 1

किन्हीं दो रणनीतियों का सुझाव दीजिए जिनसे किसी कार्यक्षेत्र में उत्पादन तथा उत्कृष्टता बढ़ाई जा सके।

4. Name the person's profession who designs psychotherapeutic programme for people with any kind of mental disorders. 1

उस व्यक्ति के व्यवसाय का नाम लिखिए जो किसी भी मानसिक विकृति वाले व्यक्तियों के लिए मनश्चिकित्सा कार्यक्रम का प्रारूप तय करता है।

5. What this effect is called, when people exert less effort towards a common goal in a group ? 1

एक समूह में लोगों की ऐसी प्रवृत्ति को क्या कहते हैं, जब एक समान लक्ष्य होने पर वे कम प्रयास करते हैं ?

6. The immediate environment at home and interactions between them and child's own characteristics is referred as : 1

(A) Microsystems (B) Mesosystem

(C) Exo-system (D) Chronosystem

बच्चे के घर का परिवेश और उनके मध्य तथा बच्चों के निजी अभिलक्षणों में परस्पर अन्त:क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) सूक्ष्म प्रणाली (B) मध्य प्रणाली

(C) बाह्य प्रणाली (D) कालक्रम प्रणाली

7. Describe 'Hatha Yoga'. 2

'हठ योग' का वर्णन कीजिए।

8. Explain 'Dharana' as a step in Yoga given by Patanjali. 2

पतंजलि द्वारा योग में दिए चरणों में 'धारणा' की व्याख्या कीजिए।

9. Explain the 'Storming Stage' of group development. 2

समूह के विकास में 'गहन चर्चा' की अवस्था की व्याख्या कीजिए।

10. Mention any two main characteristics of a happy person. 2

किसी प्रसन्नचित व्यक्ति के किन्हीं दो लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

11. Explain to your friend how 'Preksha Dhyana' can make him relaxed. 2

अपने दोस्त को आप किस प्रकार समझाएंगे कि 'प्रेक्षा ध्यान' उसे पूर्ण आराम दे सकता है?

12. How does Nutrition influence well-being of an individual? 2

किसी व्यक्ति में आहार किस प्रकार प्रसन्नता और सुख को प्रभावित करता है?

13. Explain any four Basic Psychological Process which collectively influence a particular Behaviour. 4

किन्हीं चार आधारभूत मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएँ जो कि सामूहिक रूप से किसी विशेष व्यवहार को प्रभावित करती हैं, की व्याख्या कीजिए।

14. Describe any four different approaches to the study of Psychological Processes. 4

मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के अध्ययन के किन्हीं चार उपागमों का वर्णन कीजिए।

15. Briefly explain the theory of Panch Koshas as given in Upanishads. 4

उपनिषदों में दिए गए पंचकोशीय सिद्धांत की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

16. What is the importance and relationship between Aptitude, Interest and Ability? How it is decisive in the choice of a job? 4

अभिवृत्ति, रुचि तथा योग्यता में परस्पर कैसा सम्बन्ध तथा इनका क्या महत्व है? किसी आजीविका के निर्णय में यह किस प्रकार निर्णायक होता है?

17. What are the major components of emotion? Explain them. 4

संवेगों के प्रमुख घटक कौन से हैं? व्याख्या कीजिए।

18. State the various styles of parenting. What is the impact of parenting styles on the socialisation of a child ? 4

पालने के तरीकों का उल्लेख कीजिए। बच्चे के समाजीकरण पर पालने के तरीकों का क्या प्रभाव पड़ता है ?

19. Devise the steps best suited for making a good career choice. 4

किसी अच्छे करियर के चयन में उपयुक्त चरणों के उपाय लिखिए।

20. How does deep processing enhance one's memory ? Explain. 4

गहन प्रक्रम द्वारा स्मृति किस प्रकार बढ़ जाती है ? व्याख्या कीजिए।

21. Suggest any four ways of coping with the problems during old age. 4

वृद्धावस्था की समस्याओं के साथ समायोजन हेतु किन्हीं चार प्रभावी तरीकों का सुझाव दीजिए।

22. Discuss any four causes and consequences of poverty. 4

गरीबी के किन्हीं चार कारणों व परिणामों पर चर्चा कीजिए।

23. Sekhar has poor verbal communication skills. Suggest him tips to improve it. 4

शेखर मौखिक संप्रेषण में कमजोर है। इसको प्रभावी बनाने हेतु उसे सुझाव दीजिए।

24. 'Psychotherapy involves a plan of interventions'. Explain the main steps involved in it. 4

'मनश्चिकित्सा एक रूपांकित योजना है' इसके विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए।

25. Mona wants to change her attitude towards junk food. How can it be done ? Explain. 4

मोना जंक भोजन के प्रति अपनी अभिवृत्ति में बदलाव चाहती है। यह कैसे हो सकता है ? व्याख्या कीजिए।

26. Explain with examples : 6

(a) observational learning

(b) concept learning

(c) verbal learning

उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए :

(क) प्रेक्षणात्मक अधिगम

(ख) संप्रत्ययों को सीखना

(ग) वाचिक तथा शाब्दिक सीखना

27. How can one contribute for a better environment to ensure Sustainable Development ? 6

स्थायी विकास संभावी बनाने हेतु अच्छे वातावरण के लिए कोई किस तरह अपना योगदान दे सकता है ?

28. 'Psychological Tools are frequently used in conducting research.' Explain any three such tools. 6

'मनोवैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग प्राय: अनुसन्धानों में किया जाता है।' किन्हीं तीन की व्याख्या कीजिए।

29. Mention the behaviour which helps to sustain a Good Health according to Ayurveda. 6

आयुर्वेद के अनुसार उन व्यवहारों का उल्लेख कीजिए जो अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते हैं ?

30. Discuss the concept of Adolescence and explain its developmental tasks. 6

किशोरावस्था की संकल्पना पर चर्चा कीजिए तथा इस अवस्था के विकासात्मक कार्यों की व्याख्या कीजिए।

- o 0 o -